आइआइएम. इस सत्र से पांच वर्षीय एमबीए कोर्स

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में सत्र 2021-2026 से पांच वर्षीय एमबीए कोर्स शुरू होगा. 120 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है. विद्यार्थी स्नातक से लेकर स्नातकोत्तर (बीबीए-एमबीए) तक कोर्स एक साथ कर सकेंगे. नामांकन लिखित एबिलिटी टेस्ट व पर्सनल इंटरव्यू और सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी लेवल में ओवरऑल एकेडमिक परफॉर्मेंस के आधार पर लिया जायेगा. संस्थान के निदेशक के अनुसार, इस प्रोग्राम में प्रवेश पानेवाले छात्रों को अपने व्यावहारिक नेतृत्व और प्रबंधकीय कौशल को विकसित करने के लिए पूर्णकालिक अवधि मिलेगी.

शुल्क 14 लाख लगेंगे

आइपीएम प्रोग्राम में कुल शुल्क 14 लाख रुपये लगेंगे. इनमें पहले तीन वर्ष का शुल्क शामिल होगा. अगले दो वर्ष एमबीए प्रोग्राम के लिए भी यही शुल्क रहेगा. इस शुल्क में हॉस्टल रूम रेंट व मेस चार्ज शामिल नहीं होंगे. कोर्स की समाप्त के बाद विद्यार्थियों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री का सर्टिफिकेट दिया जायेगा. नामांकन स्कॉलेस्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (सेट) परीक्षा के माध्यम से लिया जायेगा. सेट परीक्षा मार्च, मई, अगस्त, अक्तूबर व दिसंबर में 70 शहरों के 73 टेस्ट सेंटर पर होंगे. नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को 31 जनवरी से पहले रजिस्टर्ड कराना होगा.

Prabhat Khabar, 19.01.2021, Pg. 08